## खबर संक्षेप

### दैवेभो श्रमिकों एवं कर्मचारियों के वेतन दरें पुनर्निर्धारित

**कटनी।** श्रम आयुक्त इंदौर द्वारा शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक वेतन एवं प्रतिदिन वेतन की दरों तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ते का पुनर्निधारण किया गया है। यह मासिक एवं दैनिक वेतन दरें 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रभावशील रहेंगी। दैनिक वेतन पाने वाले श्रमिकों एवं कर्मचारियों को कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल और उच्च कुशल की अलग-अलग श्रेणियों में विभक्त किया गया है। इसके तहत अकुशल श्रमिकों को प्रतिमाह 12 हजार 125 रुपये, अर्ध कुशल श्रमिकों को 13 हजार 121 रुपये एवं कुशल श्रमिकों को 14 हजार 844 रूपये तथा उच्च कुशल श्रमिकों को 16 हजार 469 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा। इस न्यूनतम वेतन का निर्धारण परिवर्तनशील महंगाई भत्ते को मिलाकर किया गया है। न्यूनतम वेतन से कम दर पर वेतन का भुगतान किया जाना दण्डनीय अपराध है।

### सालों से फरार चल रहा स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** सालों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा चलाए जा रहे फरार स्थाई वारंटी की पता तलाश गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने हेतु अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह थाना प्रभारी राखी पांडे के नेतृत्व में 3/5/25 को वर्ष 2016 से फरार स्थाई वारंटी हरछठ उर्फ हरछटीया वंशकार पिता चंदू वंशकार उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम सलैया चौकी सलैया को न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी को चौकी प्रभारी सलैया विनोद पांडे सैनिक रमेश पटेल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### गांजा तस्करों को 15 साल की सुनाई सजा

**कटनी।** गांजा तस्करी करने वाले आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय ने 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी मोहम्मद फहीम 28, विवेक मिश्रा 32, सुमित सेन 31, अमरनाथ सक्तेल 30 साल को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से केके पांडेय अपर लोक अभियोजक के द्वारा पैरवी की गई। थाना बड़वारा में पदस्थ उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय द्वारा 9 जुलाई 2022 को स्टॉफ के साथ लखाखेरा कमानिया गेट सामने पहुंचकर हाइवे-78 पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान आर्टिगा कार जिसका नंबर एमपी 21 सीबी 0744 को रोककर चेक किया गया, तो उक्त वाहन को आरोपी मोहम्मद फहीम चलाते हुए पाया गया। आरोपी विवेक मिश्रा, सुमित सेन बैठे थे। पीछे की डिग्गी में खाकी रंग के सेलोटेप से लिपटे हुए 50 पैकेट रखे हुए पाए गए। जांच के दौरान वह गांजा निकला। इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के - समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय विचारण न्यायालय विशेष - न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) संजय कुमार गुप्ता द्वारा साक्षीगण के कथनों एवं अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर प्रकरण में अभियुक्तगण को उक्त अपराध के लिए दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### अस्पताल परिसर से दोपहिया वाहन चोरी

**कटनी।** सक्रिय बदमाश आए दिन वाहन पार रकर रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर से दो पहिया वाहन चोरी हो गया। जानकारी के अनुसार शासकीय जिला अस्पताल में नई बिल्डिंग के सामने से शनि निषाद निवासी आधारकार की अज्ञात बदमाश ने दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडबी 8703 पार कर दी है। यहां पर वाहन स्टैंड संचालित होने के बाद भी वाहन चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# गर्ल्स कॉलेज के पास छात्राओं के सामने रील बनाने वाले तीन लड़कों को पुलिस ने पकड़ा

### राह चलती छात्राओं के सामने कान पकड़ के उठक -बैठक... फुलकी के ठेले में पैंट उतार कर लोअर से निकाल कर दिया पैसा... कुछ इस तरह के बना रहे थे वीडियो!!

सतना।










यहां के सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल के सामने स्थित इंदिरा गांधी गर्ल्स कॉलेज के पास छात्राओं के सामने रील बना रहे तीन लड़कों को महिला थाना पुलिस ने पकड़ा है। इसमें एक लड़का नाबालिक है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की और मोटर साइकिल के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने के बाद वार्निंग देकर छोड़ दिया। महिला थाना प्रभारी श्वेता मौर्य ने रविवार को बताया कि पकड़े गए तीन लड़कों में एक नाबालिक है। उनके नाम शिवम गुप्ता पिता शिवदयाल गुप्ता उम्र 21 वर्ष निवासी सोनोरा थाना कोलगवां,पीयूष सिंह पिता अनूप सिंह निवासी रेहुटा थाना सिमरिया जिला रीवा और ओम निवासी सिंधी कैंप है। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपियों को हिदायत दी गई है कि वह अब इस तरह की हरकत नहीं करेंगे।

#### माफी मांगने का बनाया वीडियो

पकड़े गए आरोपी युवकों को लेकर महिला थाना पुलिस गर्ल्स कॉलेज के पास ले गई जहां पर युवकों ने सरेआम माफी मांगी। इसका वीडियो भी बनाया गया है। जिसमें आरोपी द्वारा कहा जा रहा है कि हम लोगों के द्वारा रील बनाकर के परेशान किया गया है। लिहाजा हम लोग माफी मांगते हैं। बाद में आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई मोटरसाइकिल के खिलाफ मोटरसाइकिल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और फिर छोड़ दिया गया।

#### किस तरह की बनाई थी रील

पुलिस के मुताबिक जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें एक युवक पैदल चला जा रहा है सामने से कॉलेज की छात्राएं आ रही हैं। अचानक युवक रुकता है और अपने कान पकड़ता है। फिर लड़कियों के सामने उठता बैठता है। इस तरह की रील उसने दो जगह पर बनाई है। इसी प्रकार एक युवक कॉलेज के सामने चाट के ठेले में जाता है। जहां पर वह फुलकी खाता है। उसके बाद पैसा देने के लिए वह अपनी पैंट उतारने लगता है। उसकी इस हरकत को देखकर आसपास मौजूद कॉलेज की छात्राएं भागने लगते हैं। वहां पर मौजूद लड़के हंसने लगते हैं। युवक पैंट उतारता है। पैंट के अंदर उसने लोअर पहन रखा था। जिसने उसमें पैसे रखे थे। लोअर की जेब से पैसे निकालकर दुकानदार को देता है और चला जाता है।

#### नाबालिक लड़का चला रहा था कैमरा

थाना प्रभारी श्वेता मौर्य ने बताया कि तीन लड़कों में जो नाबालिक लड़का है वह कैमरा चल रहा था। दोनों लड़को ने उसे कैमरा चलाने का काम दे रखा था। रील बनाते वक्त कैमरा नाबालिक लड़का चलाता था। उसके खिलाफ भी कार्यवाही की गई है और उसे वार्निंग दी गई है।

#### क्या कहते हैं आसपास के दुकानदार

आसपास के दुकानदार कॉलेज के पास घूमने वाले मनचले और सिरफिरे युवकों से परेशान हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक दुकानदार ने बताया कि ज्यादातर लड़के नशे में रहते हैं।उनको अगर कुछ बोलो तो वह लड़ने के लिए आ जाते हैं। कई बार तो हमने ऐसा भी देखा है लड़के राह चलती छात्रों को पकड़ लेते हैं। लड़कियां चिल्लाकर भागती हैं। दुकानदार ने बताया कि जब पुलिस सक्रिय होती है तो आरोपी युवक यहां से भाग जाते हैं। पुलिस के जाने के बाद फिर से आ जाते हैं। इस तरह के लड़कों ने अपना ठिकाना अस्पताल को बना रखा है।

## पत्नी को लेकर भागे प्रेमी की फरसे से हमला कर हत्या

### रेलवे ठेका कंपनी के सुपरवाइजर को मारकर जंगल में छिपा,पुलिस ने दो दिन में पकड़ा



**सतना।** पत्नी को प्रेमी के साथ जाते देखने के बाद गुस्से में एक पति ने उस प्रेमी की जान ले ली। रेलवे ठेका कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर काम करने वाले गोपाल श्रीवास्तव खरे की 2 मई को फरसे से हत्या कर दी गई। आरोपी अशोक पयासी घटना के दो दिन बाद जंगल से गिरफ्तार किया गया।

#### प्रेमी के साथ रह रही थी पत्नी

घटना की जड़ में पारिवारिक विवाद है। आरोपी की पत्नी गोपाल के साथ भाग गई थी। वह अपने चार बच्चों और पति को छोड़कर पिछले एक साल से गोपाल के साथ नागौद में किराए के मकान में रह रही थी। अशोक ने इस मामले की शिकायत जसो थाने में की थी। पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने पर वह खुद गोपाल को सबक सिखाने की योजना बनाने लगा।

#### गर्दन और पैर पर फरसे से वार

टीआई अशोक पांडेय के अनुसार,आरोपी ने सिंहपुर रोड सड़वा स्टेशन के पास गोपाल पर हमला किया। उसने गर्दन और पैर सहित कई जगह फरसे से वार किए। हत्या के बाद आरोपी ने फरसा वहीं फेंक दिया और सुरदहा के जंगल में छिप गया।

#### देता था धमकी

दो दिन की तलाश के बाद रविवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गांव के लोगों के मुताबिक अशोक अक्सर फरसा लेकर घूमता था और कहता था कि वह गोपाल की हत्या करेगा। आखिरकार उसने अपनी धमकी को अंजाम दे दिया।

## भोपाल से सतना लाया गया ढाई क्विंटल नकली पनीर जब्त

### रेलवे स्टेशन से निकलते ही टीम ने पकड़ा,जांच के लिए भेजा गया सैंपल



सतना। रेलवे स्टेशन से ढाई क्विंटल पनीर जब्त किया गया है। यह पार्सल के माध्यम से भोपाल से रविवार को सतना लाया गया था। जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने प्राथमिक जांच में इसे नकली पाया। इसके बाद फाइनल टेस्ट के लिए लैब में भेजा गया है। एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पनीर को मार्केट की ओर ले जाते समय टीम ने इसे जब्त कर लिया। खाद्य निरीक्षक अभिषेक गौर के अनुसार,प्रारंभिक जांच में पनीर मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया।टीम ने पनीर को जब्त कर सैंपल लैब में जांच के लिए भेजा है।पनीर भोपाल से सतना के एक दीप नामक व्यक्ति के लिए भेजा गया था। पार्सल पर पूरा विवरण नहीं होने के कारण भेजने और मंगवाने वाले की पहचान में कठिनाई हो रही है। प्रशासन इस मामले की जांच कर रहा है। वर्तमान में विवाह सीजन के कारण बाजार में पनीर की मांग अधिक है। आशंका है कि कुछ स्थानीय व्यापारियों ने इस मांग को पूरा करने के लिए बाहर से नकली पनीर मंगवाया। प्रशासन ने दोषियों की पहचान होते ही कार्रवाई करने की बात कही है।

## मंदिर में भक्त ने जीभ काट कर देवी के चरणों में अर्पित की

### परिजन अस्पताल ले जाने को तैयार नहीं, पुलिस ने समझाया



**सतना।** जिले में एक अजीब मामला सामने आया है। मझगवां कस्बे में एक तालाब के किनारे स्थित प्राचीन देवी मंदिर में 55 वर्षीय प्यारे लाल वर्मा ने गुप्त नवरात्रि के दौरान अपनी जीभ काटकर देवी के चरणों में अर्पित कर दी। जीभ काटने के बाद प्यारे लाल मंदिर में ही बेहोश हो गए। घटना की जानकारी लगते ही मंदिर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन और स्थानीय लोग भजन-कीर्तन में जुट गए। मझगवां पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया,लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि देवी की कृपा से जीभ वापस हो जाएगी। हालांकि की पुलिस की समझाइश के बाद वह माने। स्थानीय लोगों के अनुसार,इससे पहले भी कई श्रद्धालु आस्था के चलते इस मंदिर में अपनी जीभ अर्पित कर चुके हैं। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है और लोग भजन-कीर्तन कर देवी से जीभ वापसी की कामना कर रहे हैं। मझगवां टीआई आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों को काफी समझाने के बाद वे मान गए है। अचेत प्यारेलाल को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## कटरा बाजार के श्रीराम जी का वनवास कब खत्म होगा

मैहर



अयोध्या में श्री राम का मंदिर बनाने का काम युद्ध स्तर पर किए जाने से आज मनोरम दृश्य देखने को मिल रहा है। मैहर के कटरा बाजार में गल्ला मण्डी के सामने श्रीराम जी का ऐतिहासिक मंदिर था जिसे नया रूप देने के लिए उसे गिरा दिया गया और विराजमान श्रीराम जी को बगल में एक टीन का टपरा बनाकर बैठा दिया गया है। आज 6 महीने से अधिक हो जाने के बाद भी मंदिर के निर्माण कार्य में लगभग नाम के लिए कभी कभार 2-4 मजदूर काम करने लगते हैं बाकी समिति हाथ में हाथ धरे बैठी हुई है नहीं तो इस मंदिर का निर्माण अब तक पूरा हो जाना चाहिए।स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि यह प्राचीन मंदिर राजा महाराजाओं के समय में बनवाया गया था जिसमें कलात्मक नक्कासी वाले टाइल्स लगे हुए थे साथ ही मंदिर का डिजाइन भी देखने लायक थे। लेकिन पता नहीं किसकी दिमाग की उपज थी कि इस मंदिर को गिराकर नया मंदिर बनाया जाए और इस मंदिर को गिरा दिया गया। इस मंदिर की देख रेख के लिए एक समिति बनी हुई है जिसमें 88 सदस्य बताए जा रहे हैं और इस समय अध्यक्ष का कार्यभार दीपक अग्रवाल देख रहे हैं। सबकी सहमति से मंदिर तो गिरा दिया गया लेकिन समस्या यह हो रही है कि मंदिर निर्माण के लिए रुपए कहां से आए। समिति में सिर्फ नाम के लोग अपना नाम लिखवा लिए हैं लेकिन मंदिर निर्माण की तरफ कोई सदस्य अपना समय नहीं दे रहा है।

### एसडीएम नागौद ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण



**सतना।** शासन के निर्देशानुसार जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य निर्धारित उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। रविवार को एसडीएम नागौद जितेन्द्र वर्मा ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन कार्य का जायजा लिया। एसडीएम ने धर्मदास स्व-सहायता समूह पनगरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार एसडीएम ने सेवा सहकारी समिति गेहूं उपार्जन केन्द्र पनगरा,श्रीराम वेयर हाउस खरीदी सेंटर सिंहपुर तथा विपणन सहकारी समिति मंडी खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खरीदी केन्द्र पनगरा में बारदाना की उपलब्धता न होने के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है,उन्होंने वरदाना मुहैया कराने के निर्देश दिये।

## सड़क किनारे मिली नवजात बच्ची, जन्म के बाद झोले में छोड़ा

सतना



रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के बेला में रविवार सुबह एक नवजात बच्ची को सड़क किनारे झोले में छोड़ दिया गया। नेशनल हाईवे 30 के बाईपास पर स्थित चौबे तालाब के पास से गुजर रहे लोगों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी और तत्काल सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष चंद्रकिरण श्रीवास्तव को सूचित किया। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष के अनुसार,सुबह 6 बजे ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद उन्होंने रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी को जानकारी दी। पुलिस ने बेला चौकी को अलर्ट किया,जिसके बाद आरक्षक चितेन्द्र पांडेय मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से बच्ची को रामपुर बघेलान सिविल अस्पताल ले गए। जहां बच्ची का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची स्वस्थ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष से सूचना मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। बच्ची को चाइल्ड केयर की देखरेख में सौंप दिया गया है और वर्तमान में उसका इलाज जिला अस्पताल सतना के स्पेशल केयर यूनिट में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची स्वस्थ है।

## टैंकर बुझा रहा लोगों की प्यास



**मैहर।** जहां एक ओर भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित कर रखा है वहीं दूसरी ओर सीमेंट प्रबंधन जरूरतमंदों के लिए संजीवनी बनकर सामने आया है। उद्योग के आसपास के ग्रामीण अंचलों में जल संकट से निपटने के लिए प्रबंधन ने कई महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी और आज उसका परिणाम है कि इन गांवों में लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है। ग्रामवासियों की माने तो अल्ट्राटेक द्वारा निरंतर पानी की आपूर्ति की जा रही है जिससे न केवल राहत मिली है बल्कि उद्योग के प्रति लोगों की धारणा भी सकारात्मक हुई है। प्रबंधन में शामिल जवाबदार अधिकारियों का कहना है कि हम इस क्षेत्र के लोगों के साथ हैं और रहेंगे उनकी हर जरूरत में साथ देना हमारी प्राथमिकता है।

मैहर स्थित प्लांट प्रमुख और माइंस प्रमुख के नेतृत्व में यह कार्य हो रहा है जिनकी सक्रियता और संवेदन शीलता की ग्रामीण खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब भी कोई समस्या होती है,दरवाजा हमेशा खुला रहता है! आज जहां कई उद्योग अपने सामाजिक दायित्वों से मुंह मोड़ लेते हैं,वहीं कंपनियां समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं।

### नरवाई जलाने पर नागौद तहसील में भी हुई एफआईआर



**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। गेहूं खरीदी केन्द्र के निरीक्षण पर निकले एसडीएम नागौद जितेन्द्र वर्मा द्वारा ग्राम गिंजारा के आराजी नम्बर 95/1/1 में भूमि स्वामी सरमन अहिरवार को मौके पर खेत की नरवाई में आग जलाते हुए पकडा। एसडीएम ने तत्काल पंचनामा इत्यादि तैयार कराकर पटवारी दीपिका बागरी हल्का पटवारी चोरबरी के माध्यम से नागौद थाना में एफआईआर दर्ज कराई। एसडीएम ने नगर पंचायत नागौद से फायर ब्रिगेड बुलाकर नरवाई की आग बुझाई। नरवाई जलाने पर नागौद तहसील के ग्राम गिंजारा में रविवार को नरवाई से आग लगने की घटना पर सरमन अहिरवार पिता चुन्नीलाल अहिरवार ग्राम गिंजारा निवासी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 धारा 223 बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# कृष्णा कल्याणपुर में सड़क हादसा, एक की मौत

पन्ना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा कल्याणपुर में आज एक भयावह सड़क हादसा हुआ, जिसने न केवल इलाके को झकझोर दिया, बल्कि यह गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

हरिभूमि, पन्ना।



जानकारी के अनुसार, शराब के नशे में धुत बाइक सवार युवक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस स्थान पर हुआ है, जहां हाल ही में शराब की नई दुकान खोली गई थी, और अब यह घटना उस दुकान के आसपास बढ़ते नशे के खतरे का ज्वलंत उदाहरण बन गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब बाइक पर सवार तीन युवककृअमर आदिवासी (22 वर्ष), अवध आदिवासी (45 वर्ष), और रामू आदिवासी (25 वर्ष)कृकिशनगढ़ से नवोदय की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार में शराब के नशे में धुत यह युवक कृष्णा कल्याणपुर के पास साइकिल सवार से टकरा गए, और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ने एक गंभीर सवाल खड़ा किया हैकृक्या शराब की दुकानों के खुलने से इलाके में नशे की लहर बढ़ रही है? कृष्णा कल्याणपुर में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान ने इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शराब के सेवन में वृद्धि और सड़क दुर्घटनाओं का सीधा संबंध है। क्या प्रशासन नशे के खतरों और इसके प्रभाव को समझने में नाकाम हो रहा है? पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, लेकिन क्या यह जांच सिर्फ खानापूरी होगी, या प्रशासन इस हादसे के बाद शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करेगा? इलाके में शराब की दुकान के पास घटित इस हादसे ने यह साबित कर दिया है कि नशे में धुत लोग न केवल अपनी जान जोखिम में डालते हैं, बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डाल देते हैं। स्थानीय लोग इस घटना के बाद शराब की दुकानों के आसपास सख्त सुरक्षा और निगरानी की मांग कर रहे हैं। क्या प्रशासन जागेगा, या फिर यह एक और हादसा होगा, जिसे भुला दिया जाएगा?

## नदी में डूबने से 10 वर्षीय बालक की हुई मौत

अमानगंज

मृतक ननिहाल शादी समारोह में आया था दग्धा और घटी घटना पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम दग्धा में आज दोपहर केन नदी के पतरघाट पर एक 10 वर्षीय बच्चे अंकित पिता अशोक पटेल की डूब जाने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि मृतक अंकित पिता अशोक मोहन्द्रा पैथा गांव का निवासी है जो अपने ननिहाल शादी समारोह में शामिल होने आया था और आज अपनी साथियों के साथ बिना बताए नदी नहाने गया हुआ था और नहाते नहाते गहराई की ओर चला गया जिससे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई जब 2:00 बजे दोपहर तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसके नाते रिश्तेदारों एवं परिजनों ने उसकी तलाश आरंभ कर दी और नदी घाट पर उसके कपड़े जूते देख वह घवड़ा गए और फिर नदी के पानी मैं प्रवेश कर उसकी तलाश आरंभ कर दिए और गहराई की ओर तलहटी में उसका स्व आ गए जिस नदी के बाहर लेकर आए और उसकी पहचान अंकित के रूप में की जिसे देख पूरा घर परिवार भारी मध्य और दुख में आ गया मौके पर खड़े कुछ लोगों ने कहा शायद इसके प्राण बाकी हूं जल्दी अस्पताल ले चलो इस बात को सुनकर जब पर बच्चों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज आ पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखा और कहा यह है कुछ ही देर पहले खत्म हुआ है घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाना मनगंज को दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची जिसे मामले में पंचनामा कार्यवाही करने के बाद मामले में मार्ग कायम किया और पोस्टमार्टम करने के बाद सब परिजनों को सौंप दिया

## खबर संक्षेप

### फीडर सरपरेशन के नाम पर किसानों के हक पर डाका



**पन्ना।** किसानो को दस घंटे बिजली उपलब्ध कराने का वादा करने वाली सरकार की बिजली विभाग के अधिकारी किसानों का खून चूस रहे हैं तथा सरकार को भी चूना लगा रहे हैं घटिया सामग्री लगा के केवल एवं खंभा की मजबूती की बात करते है लेकिन सच्चाई मे वह बहुत ही कमजोर है 'जमीन पर झूठ और भ्रष्टाचार के पोलें' गाड़ कर दफनाया जा रहा है! उदाहरण के तौर पर गुनौर के रिछौड़ा फीडर में फीडर सेपरेशन योजना के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह सिर्फ ''घटिया निर्माण नहीं, सीधा-सीधा बिजली घोटाला है!'' रिछौड़ा फीडर में खेतों के बीच बिना वोल्डर, बिना कंक्रीट और बिना स्टैंडर्ड के पोल गाड़े जा रहे हैं। ये पोल बरसात की एक तेज हवा में या तो गिरेंगे, या झुककर किसानों की जान व जमीन को खतरे उत्पन्न करेगे। सूत्रों द्वारा बताया गया कि केवल को मजबूत करने के लिए तांबा डाला जाता है तथा तांबे युक्त केवल बहुत मजबूत होती है लेकिन जो केवल डाली जा रही है उसमें तांबा की मात्रा ही नही है सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही है गांव के किसानो का कहना है कि विभाग तथा ठेकेदार द्वारा मिलकर घटिया कार्य कराया जा रहा है जिससे उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियो के खिलाफ कार्य वाही की जाये।

### फिट इंडिया मिशन के तहत निकाली साइकिल रैली



**पन्ना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के फिट इंडिया मिशन कार्यक्रम के तहत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया के मार्गदर्शन में निकाली गई साइकिल रैली में शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वस्थ्य एवं फिट रहने का संदेश दिया गया। यह रैली स्कूल से प्रारंभ होकर छत्रसाल स्टेडियम, अंबेडकर चौराहा एवं छत्रसाल पार्क होकर वापस विद्यालय में समाप्त हुई।

### सफलता की कहानी



**पन्ना।** पन्ना नगर के कुंजवन वार्ड के किसान साधन कुमार बढ़ई ने प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी तरक्की की राह सुनिश्चित की है। उन्होंने 2 एकड़ भूमि पर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की इस अभिनव योजना में ड्रिप और मल्चिंग तकनीक के उपयोग से कम पानी में सब्जी उत्पादन में सफलता प्राप्त की। कृषक साधन ने बताया कि स्वयं के 50 हजार रूपए की लागत से चार माह में टमाटर, खरबूज, कद्दू सहित मक्का, तरबूज और अन्य सब्जियों की खेती पर बढ़यि पैदावार प्राप्त कर मुनाफा कमाया। अभी निरंतर रूप से स्थानीय बाजार में उत्पादित सब्जियों का थोक विक्रय भी कर रहे हैं। गत वर्ष 2 लाख रूपए की शुद्ध आय भी हुई। इनके द्वारा प्याज के बीज भी स्वयं तैयार किए जाते हैं।

# आबकारी द्वारा एक महिला से 71 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब जप्त कर जेल भेजा




हरिभूमि, पन्ना।

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर नवागत जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहार टोला में एक रिहायशी मकान से एक महिला के कब्जे से लगभग 71 लीटर महुये से बनी हाथभट्टी कच्ची शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 हजार रुपए जप्त की गई है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर तड़के ग्राम मोहार टोला में श्रीमती कल्लूबाई बंजारा /व श्री नैना बंजारा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मोहारटोला थाना अमानगंज जिला पन्ना के रिहायशी मकान पर पहुंचे। जहाँ हाथ भट्टी जलाकर महुआ की कच्ची शराब बनाई जा रही थी। विधिवत तलाशी लिए जाने पर आरोपी कल्लू बाई के कब्जे से लगभग 71 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई। आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंस नही मिला। आरोपी महिला को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेज दिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पवई हरीश पाण्डेय और विक्रांत जैन, आबकारी आरक्षक कुलदीप जाटव, महिला नगर सैनिक कौशल्या बाई, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, सुरेन्द्र सिंह सोनू, सुशांत सिंह शामिल रहे।

# सती चरित्र सुनकर भाव विहल हुये श्रोता बाल व्यास पार्थ वीर की चल रही कथा

हरिभूमि, पन्ना।





मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के प्रशिद्ध पन्ना शहर के श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भगवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक बाल व्यास पार्थ वीर ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में धुव्रा चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि धुव्रा की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त धुव्रा द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है, उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण कश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। कथा के दौरान भजन गायको ने भजनों की प्रस्तुति दी। संगीतमय भागवत कथा को सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो रहे हैं। बाल व्यास पार्थवीर शुक्ला द्वारा भक्ति किस प्रकार प्राप्त होती है इसका मार्मिक तरीके से वर्णन किया गया है, जिसको सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए।

# कलेक्टर ने ग्राम रामनगर का निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों को तात्कालिक मदद के दिए निर्देश

हरिभूमि, पन्ना।



कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत शनिवार को खराब मौसम एवं आंधी के कारण गुनौर विकासखण्ड की गढ़ीपड़रिया ग्राम पंचायत के रामनगर गांव में आगजनी की घटना के कारण प्रभावित परिवारों को तात्कालिक मदद के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा घटना की सूचना मिलने पर रात्रि में ही सुनवानी थाना क्षेत्र के रामनगर पहुंचकर निरीक्षण किया गया तथा अग्नि दुर्घटना से नष्ट हुए घरों का अवलोकन कर व ग्रामवासियों से मुलाकात कर घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी ली गई। उन्होंने सर्वे के माध्यम से नुकसान का आकलन कर क्षतिपूर्ति का भरोसा दिया। साथ ही शासन के प्रावधानों के तहत आरबीसी 6-4 में आर्थिक सहायता अनुदान राशि का प्रकरण तैयार कराने के निर्देश भी दिए। आज प्रभावित 15 परिवार के सदस्यों को प्रति परिवार के मान से 50 किलोग्राम राशन सामग्री की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इस आगजनी की घटना में जन अथवा पशु हानि नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन एवं ग्रामवासियों की सक्रियता एवं सहयोग से आग की घटना पर नियंत्रण कर लिया गया था।

# कलेक्टर ने परिवहनकर्ता कमल कुमार जैन को जारी किया नोटिस

पन्ना।




कलेक्टर सुरेश कुमार ने रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के परिवहन के लिए सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन से अनुबंधित परिवहनकर्ता कमल कुमार जैन को निर्धारित समयावधि में गेहूं परिवहन कार्य पूर्ण नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। साथ ही तीन दिवस में शेष मात्रा का परिवहन पूर्ण कर आगामी 7 मई को सुबह 11 बजे समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

शासन की उपार्जन नीति और परिवहन के लिए निष्पादित अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन दण्डनीय अपराध की श्रेणी में है। गेहूं उपार्जन का कार्य बाधित होने और कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना के दृष्टिगत संबंधित को जुर्माना एवं ब्लैक लिस्ट करने सहित पुलिस अभियोजन कार्यवाही प्रस्तावित करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि समय समय पर निरंतर निर्देश के बावजूद भी तय समय में उपार्जित गेहूं के परिवहन में परिवहनकर्ता द्वारा लापरवाही बरती गई। खरीदी केन्द्रों से परिवहन समय पर न होने से तथा वर्षा की स्थिति में गेहूं के खराब होने की संभावना है। 3 मई की स्थिति में जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों पर 2 लाख 94 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं परिवहन के लिए शेष है। इसके लिए लगभग 980 ट्रक फेरों की आवश्यकता है।

# पुलिस के द्वारा 4 वर्ष से फरार शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार

## पन्ना जिले के 9 मामलों सहित अन्य जिलों के मामलों मे चल रहा था फरार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों, 173(8) जा0फौ0 मे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एंव अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पन्ना जिले के 173(8) जा0फौ0 मे चोरी के 09 मामलो मे फरार आरोपी अनीश खान पिता मुन्ना उम्र 36 साल निवासी मकरबई थाना कबरई जिला महोबा उ.प्र. का फरार था। जिसे पन्ना पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कबरई जिला महोबा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे माननीय न्यायालय के आदेश से जेल वारन्ट बन जाने के कारण जिला जेल पन्ना में दाखिल किया गया है। आरोपी के विरूध्द पन्ना जिले के अन्य थानो मे और भी मामले लंबित है, जिसे पुलिस रिमाण्ड मे लेकर पूछताँछ की जावेगी।




**आरोपी को इन मामलो मे किया गया गिरफ्तार-** थाना धरमपुर के अपराध - 127/21,163/21 धारा 457, 380, 379,ता0हि0 25,27 आर्म्स एक्ट थाना अजयगढ़ के अपराध - 46/21,51/21,64/21,154/21,345/21,358/21,377/21 धारा 457, 380, 79,ता0हि0 25,27 आर्म्स एक्ट

**सराहनीय योगदान -** थाना प्रभारी बलवीर सिंह, प्रधान आर. राधेश पटेल, अशोक प्रजापति , जितेन्द्र मिश्रा, आर. अमित यादव,राजू साहू, अजीत यादव , गिरधारीलाल, प्रभुदयाल थाना अजयगढ़ से प्रधान आर. मनीष विश्वकर्मा आर. अमित द्विवेदी ,हेतराम अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा है ।

# वैश्विक संस्थाओं के सहयोग से पन्ना में पहली बार अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ

पन्ना।





हिंदी साहित्य के वैश्विक विस्तार के उद्देश्य से मध्य प्रदेश के पन्ना नगर में एक ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। त्रिपुरा विश्वविद्यालय के साहित्य संकाय द्वारा न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन, अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन, आशा पारस फॉर पीस एंड हार्मनी फाउंडेशन, सृजन ऑस्ट्रेलिया, सृजन मॉरीशस, सृजन मलेशिया तथा मधुराक्षर जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के संयुक्त सहयोग से 4 मई 2025 को पन्ना में पहली बार अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश से अनेक साहित्यकारों ने भौतिक और वर्चुअल माध्यम से भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय समयानुसार दोपहर 12:00 बजे हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रॉउस (भीम राव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय) महु, इंदौर की पूर्व कुलपति प्रो. आशा शुक्ला ने की, जिन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में हिंदी के वैश्विक प्रसार के लिए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साहित्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. विनोद कुमार मिश्र रहे, जिन्होंने हिंदी कविता की समृद्ध परंपरा और समकालीन संभावनाओं पर प्रभावी विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. हरीश अरोड़ा (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने भी हिंदी साहित्य की समकालीन चुनौतियों और अवसरों पर सारगर्भित वक्तव्य दिए। अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन की मुख्य विशेषता विश्व के विभिन्न देशों से आमंत्रित साहित्यकारों की भागीदारी रही। इस अवसर पर मलेशिया से डॉ. रश्मि चौबे, अमेरिका से श्री अरुण नामदेव, मॉरीशस से श्रीमती कल्पना लालजी और डॉ. शशि दूकन, पन्ना के लक्ष्मीनारायण चिरोलया श्चिंतक', रघुवीर तिवारी, और पीयूष मिश्रा, गुरुग्राम हरियाणा से मनोरंजन तिवारी, नेपाल से प्रिया मिश्र, दामोह से डॉ. प्रेमलता 'नीलम' विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। उनकी रचनाओं ने स्थानीयता और वैश्विकता के सुंदर समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन अत्यंत कुशलतापूर्वक किया गया। सह-संयोजक के रूप में जयदीप सिंह सरस 'गोंडवी' (गोण्डा) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं डॉ. सुरेश श्रीवास्तव 'सौरभ' (पन्ना) ने अपने प्रभावशाली मंच संचालन से कार्यक्रम में निरंतर ऊर्जा और सजीवता बनाए रखी। आयोजन की सूत्रधार रहीं पूनम चतुर्वेदी शुक्ला, संस्थापक-निदेशक, न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन एवं अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन, जिनके सशक्त नेतृत्व और परिश्रम से यह आयोजन अपनी पूर्णता तक पहुँच सका। मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन के दौरान विभिन्न रचनाकारों ने जीवन, प्रेम, प्रकृति, शांति और वैश्विक मानवीय मूल्यों जैसे विषयों पर अपनी भावपूर्ण कविताओं का पाठ किया। उनकी रचनाओं में जहाँ एक ओर अपनी जड़ों से जुड़ाव का भाव था, वहीं दूसरी ओर वैश्विक चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति भी दिखाई दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदी कविता के निरंतर फैलते वैश्विक प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आज हिंदी भाषा न केवल भारत में, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में साहित्यिक संवाद का एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है। ऐसे आयोजनों से हिंदी कविता को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलता है और रचनाकारों के बीच एक जीवंत संवाद स्थापित होता है। कार्यक्रम के अंत में संयोजक पूनम चतुर्वेदी शुक्ला ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, श्रोताओं और सहायक संस्थाओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी हिंदी साहित्य को वैश्विक मंचों पर ले जाने के लिए ऐसे और आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया। पन्ना जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगर में आयोजित यह प्रथम अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन न केवल एक साहित्यिक उपलब्धि रहा, बल्कि हिंदी साहित्य के वैश्विक भविष्य की ओर बढ़ते कदम का भी सशक्त प्रमाण बना। आयोजन ने साबित किया कि सीमाओं से परे हिंदी कविता का स्वर आज भी उतना ही गूंज रहा है, जितना भारतीय आत्मा में गूंजता रहा है।

## खबर संक्षेप



### डायल-100 ने प्रसूता महिला को पहुंचाया अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** सरवई थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में एक 22 वर्षीय प्रसूता महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा होने पर डायल-100 की टीम ने त्वरित सहायता प्रदान की। महिला के पति ने अस्पताल पहुंचने के साधन न होने पर डायल-100 पर कॉल किया। सूचना मिलते ही राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, भोपाल ने सरवई थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को रवाना किया। डायल-100 स्टाफ आरक्षक प्रवीण कुशवाह और पायलट अनिल निगम ने मौके पर पहुंचकर प्रसूता को परिजनों के साथ शासकीय अस्पताल सरवई पहुंचाया।

### जहरीले पदार्थ खाने वाले को पहुंचाया अस्पताल



वहीं दूसरी ओर महाराजपुर थाना क्षेत्र के मऊ गांव में 22 वर्षीय युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ के सेवन की सूचना डायल-100 को मिली। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, भोपाल ने 4 मई 2025 को प्राप्त सूचना पर तत्काल महाराजपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को रवाना किया। डायल-100 के स्टाफ आरक्षक जय कुमार और पायलट परवेज खान ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित युवक को एफ.आर.व्ही. से शासकीय अस्पताल महाराजपुर पहुंचाया। जवानों की त्वरित कार्रवाई से युवक को समय पर उपचार मिला।

### बमनौरा पुलिस ने इनामी आरोपी राजा भैया को दबोचा



**छतरपुर।** बमनौरा थाना पुलिस ने ग्राम टिकरया में मार्च माह में फरियादी पप्पू उर्फ महेंद्र सिंह घोषी पर अवैध हथियार से फायर कर हत्या का प्रयास करने के मामले में 8000 रुपये के इनामी आरोपी राजा भैया उर्फ महेंद्र सिंह घोषी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास और मारपीट के 3 मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी शिशिर तिवारी ने बताया कि पहले इस मामले में 5 आरोपी- इंदू उर्फ इंद्रपाल घोषी, हाकम, राममिलन, साहब घोषी और राहुल विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया था। उनके पास से देसी कट्टा, कारतूस और बोलेरो वाहन जब्त किया गया था। छठे आरोपी राजा भैया की तलाश में पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

### नगर पालिका से चोरी हुई स्कूटी बरामद, नाबालिग चोर गिरफ्तार



**छतरपुर।** सिविल थाना लाइन पुलिस ने चक्षु अभियान के तहत सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर नगर पालिका परिसर से 7 दिन पूर्व चोरी हुई स्कूटी (कीमत 40,000 रुपये) बरामद की है। चोरी की घटना की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने नगर पालिका के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर नाबालिग चोर को अभिरक्षा में लिया और स्कूटी बरामद की। किशोर को बाल न्यायालय में पेश किया गया, और विवेचना जारी है। कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे, प्रधान आरक्षक जयवेदी, आरक्षक अजय प्रताप सिंह और भूपत सिंह शामिल रहे।

## आगजनी से प्रभावित गांवों में पहुंचे कलेक्टर-एसपी



### सर्वे, मुआवजा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर** जिले की घुवारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हौरी खुर्द के चिरौला और छुल्ला गांव में शनिवार को हुई आगजनी की घटनाओं का रविवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यों के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर ने एक सप्ताह तक प्रभावित ग्रामीणों के लिए रहवास, भोजन और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। वहीं स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा विभाग को तुरंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए कहा। आगजनी के कारण वृद्ध महिला गुलाब रानी यादव की मृत्यु पर कलेक्टर ने मौके पर ही 4 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक, पीड़ित परिवार को सौंपा। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को ग्रामीणों के लिए राशन सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अन्य अधिकारियों की बैठक बुलाकर सात दिनों के भीतर सभी प्रकार की क्षति, जिसमें पशु हानि, घरों का जलना, गेहूं, भूसा और अन्य सामग्री का नुकसान शामिल है, का आंकलन कर मुआवजा सहायता राशि प्रदान करने के आदेश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान बड़ामलहरा विधायक रामसिया

## रामराजा कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से सूख रहे पेड़-पौधे



हरिभूमि न्यूज बमीठा।

**बमीठा-खजुराहो हाइवे के रखरखाव का ठेका 70 लाख रुपये से अधिक की लागत से रामराजा कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है, लेकिन कंपनी की लापरवाही के कारण सड़क की स्थिति बदहाल हो रही है। खजुराहो से बमीठा के बीच डिवाइडर में लगाए गए फूलदार और अन्य पेड़-पौधे महीनों से सिंचाई न होने के कारण सूख रहे हैं।**

कंपनी के कार्यालय के सामने खड़ी एम्बुलेंस और क्रेन मशीनें शोपीस बनी हुई हैं, जो सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए कभी उपलब्ध नहीं होतीं। सड़क की सफाई वर्षों से नहीं हुई है और रात्रि में अधिकांश रोड लाइटें बंद रहती हैं, जिनका सुधार कार्य भी नहीं हो रहा। विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थल खजुराहो को जोडऩे वाली इस सड़क पर हेल्पलाइन बोर्ड तक नहीं लगे हैं, जबकि देशी-विदेशी पर्यटक यहां बड़ी संख्या में आते हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि सड़क रखरखाव से जुड़े अधिकारियों का ध्यान इस बदहाली की ओर कब जाएगा। जिम्मेदार कंपनी और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## तीन घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा सिविल अस्पताल

### मोबाइल टॉर्च की रोशनी में हुआ इलाज, दो जनरेटर होने के बावजूद रही अव्यवस्था



**हरिभूमि न्यूज नौगांव/छतरपुर।** शनिवार को तेज आंधी-तूफान के बाद दोपहर 3 बजे से बिजली गुल रही और करीब तीन घंटे तक नगर के सिविल अस्पताल में अंधेरा छाया रहा। अस्पताल में दो जनरेटर होने के बावजूद यह समस्या देखने को मिली। तकनीकी खराबी और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीज परेशान रहे। इतना ही नहीं डॉक्टर मोबाइल टॉर्च की रोशनी में पर्चे लिखते और नर्सें टॉर्च की मदद से इंजेक्शन लगाती भी नजर आईं। अपने पति का इलाज कराने आईं ऊषा पाल ने बताया कि अस्पताल में अंधेरा और गर्मी होने के कारण सभी का बुरा हाल था, यदि कोई इमरजेंसी होती तो क्या होता यह सोचने वाली बात है। वहीं रामस्वरूप कुशवाहा ने बताया कि वह तीन दिन से भर्ती हैं, आज जब लाईट नहीं थी, जब चिकित्सकों ने टॉर्च की रोशनी में उसका ब्लड प्रेशर चैक किया। एक अन्य मरीज कविता अहिरवार ने कहा कि अस्पताल में दो-दो जनरेटर होने के बावजूद अंधेरा रहा, यह बड़ी लापरवाही है। गौरतलब है कि अस्पताल में अंधेरा और गर्मी होने के बाद भी जनरेटर शुरू करने के लिए कोई प्रबंध नहीं हुआ। शाम करीब सवा 7 बजे जब मीडिया ने हस्ताक्षेप किया और अधिकारियों से सवाल पूछे तब जाकर एक मिस्त्री को बुलाया गया। जांच में पता चला कि जनरेटर में डीजल भी नहीं है। इसके बाद कर्मचारियों ने तुरंत डीजल मंगवाया तब जाकर जनरेटर शुरू हुआ और बिजली आपूर्ति बहाल हुई। इस मामले में मेडिकल ऑफिसर डॉ. आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि तेज आंधी-तूफान से बिजली व्यवस्था खराब हुई थी।

## झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील




**हरिभूमि न्यूज बमीठा।** गत 28 अप्रैल 2025 को सचान क्लिनिक में इलाज के दौरान शांति बाई रजक की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राजनगर बीएमओ यशवंत बामौरिया ने क्लिनिक के दस्तावेज न प्रस्तुत करने पर सचान क्लिनिक को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, शांति बाई रजक को परिजनों ने इलाज के लिए सचान क्लिनिक में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले की जांच में क्लिनिक द्वारा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए क्लिनिक को सील कर दिया। बीएमओ ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन घायल

### बड़ामलहरा क्षेत्र में ओमनी वेन और आर्टिगा कार की हुई भिड़ंत




**हरिभूमि न्यूज बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के राजा ढाबा के पास बीती रात तेज रफ्तार ओमनी वेन और आर्टिगा कार की टक्कर में मासूम बालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बड़ामलहरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल और अन्य शहरों में रेफर किया गया। हादसे का कारण सड़क पर पड़े मृत जानवर का शव बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा रविवार रात करीब 8:30 बजे बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के राजा ढाबा के पास हुआ। ओमनी वेन में सवार गजेंद्र अहिरवार, एक तीन वर्षीय मासूम और आर्टिगा कार में सवार अमर बाधवानी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गजेंद्र की गाड़ी में सवार आरती अहिरवार को सागर और अमर की गाड़ी में सवार रितु बाधवानी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। इसके अलावा मयूर बाधवानी सहित एक नौ वर्षीय बच्ची का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। बाधवानी परिवार के परिचित पंकज गुप्ता ने बताया कि सड़क पर मृत जानवर पड़ा था, जिसे बचाने के प्रयास में वाहनों की भिड़ंत हुई। बाधवानी परिवार भोपाल से छतरपुर आ रहा था, जबकि अहिरवार परिवार छतरपुर से सागर की ओर जा रहा था।

## नैनागिरी में हुआ विराट दिव्यांग कैम्प का आयोजन, 31 दिव्यांगों को मिलेगी सहायता




**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद, दिल्ली द्वारा श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र नैनागिरी में निःशुल्क विराट दिव्यांग कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन पुन्यार्जक परिवार अजय-बबीता जैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने परिषद के 50 वर्षों के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए नैनागिरी में कैम्प आयोजन को सराहनीय कदम बताया।

परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि नरेन्द्र कुमार व पुष्पा जैन की स्मृति में उनकी सुपुत्रियों बबीता, मंजू व पूनम जैन परिवार, दिल्ली के सहयोग से आयोजित 57वें दिव्यांग कैम्प में 31 दिव्यांगों का चयन किया गया। उन्हें कृत्रिम अंग (हाथ-पैर), पोलियोकैलिपर्स, ऑर्थोशूज, स्टिक व श्रवणयंत्र प्रदान करने हेतु नाप लिया गया। ये उपकरण दिल्ली की कार्यशाला में तैयार होकर 18 मई को नैनागिरी में वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में परिषद के सहसचिव आलोक जैन, ट्रस्टी पं. अशोक जैन, पार्षद मनीष जैन, गोल्डी जैन, एडवोकेट नीरज जैन सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। परिषद के महासचिव ने कैम्प की सफलता के लिए संयोजक समकित जैन, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद बुंदेलखंड प्रांत के अध्यक्ष अंकित जैन, श्री सिद्धचक्र महामंडल विधानकर्ता परिवार, बड़ा गांव, व प्रमुख सहयोगी अजय-बबीता जैन परिवार, दिल्ली का आभार व्यक्त किया।

## बागेश्वर महाराज की 5 दिवसीय हनुमंत साधना शुरू

### द्वितीय दिन हुई विशेष पूजा-अर्चना



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर महाराज) ने दिल्ली, चेन्नई और बंगलौर की 10 दिवसीय यात्रा पूरी कर शनिवार को बागेश्वर धाम वापसी की। 11 मई तक धाम पर रहते हुए उन्होंने 5 दिवसीय हनुमंत साधना शुरू की है, जो 8 मई तक चलेगी। इस साधना के दौरान वे प्रतिदिन 10 घंटे एकांत में कठिन तप करेंगे, जिसमें तेज गर्मी और कड़ी धूप में केवल एक गिलास दूध पर निर्भर रहेंगे। साधना के प्रथम दिन बागेश्वर महाराज ने सन्यासी बाबा की साधना लेने वाले साधकों से मुलाकात की। उन्होंने साधकों के साथ उनके अनुभव साझा किए और साधना से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर विस्तृत चर्चा की। साधकों ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा और साधना के प्रभावों को साझा करते हुए बागेश्वर महाराज के मार्गदर्शन की सराहना की। वहीं द्वितीय दिन रविवार को बागेश्वर महाराज ने बागेश्वर धाम में स्थित बागेश्वर बालाजी भगवान के मंदिर में दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भक्तों की उपस्थिति में हनुमान जी की आराधना की और साधना के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। साधना का मुख्य उद्देश्य भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित करना, बागेश्वर धाम में प्रस्तावित कैंसर अस्पताल के निर्माण को निर्विघ्न करना और हिंदू समुदाय में एकता व संगठन को बढ़ावा देना है। साधना के दौरान बागेश्वर धाम में प्रतिदिन दिव्य दरबार का आयोजन होगा, जिसमें भक्तों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शनिवार और मंगलवार को विशेष पेशी वाला दरबार भी लगेगा, जिसमें बागेश्वर महाराज भक्तों की अर्जियों पर विचार करेंगे। यह साधना न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक उद्देश्यों को भी मजबूत करने का एक प्रयास है। बागेश्वर धाम में साधना के दौरान भक्तों का उत्साह चरम पर है। देशभर से आए श्रद्धालु इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनने के लिए धाम पहुंच रहे हैं। बागेश्वर महाराज की यह साधना उनके भक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है, जो उनके मार्गदर्शन में आध्यात्मिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्यरत हैं।

## विधायक ने किया सामुदायिक भवनों व सुदूर सड़कों का लोकार्पण व भूमिपूजन




**हरिभूमि न्यूज लवकुशनगर।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद पटेरिया ने लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत पांच ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवनों एवं सड़कों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कुल 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से ये निर्माण कार्य किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना और मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खपटिया, प्रतापपुरा, चितहरी, पठा और पुरा में सामुदायिक भवनों और सुदूर सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। खपटिया, चितहरी और पठा में प्रत्येक स्थान पर 25-25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन बनेंगे। वहीं, ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में प्रतापपुरा से किशनपुर तक की सड़क को महोबा रोड से जोड़ा जाएगा, और ग्राम पुरा में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से सुदूर सड़क का निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन के बाद आयोजित सभा में विधायक पटेरिया ने कहा, मेरा उद्देश्य क्षेत्र का समग्र विकास करना है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी मौके पर सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## हम फाउंडेशन 18 मई को करेगा कैंसर रोग परामर्श शिविर एवं विशेष ओपीडी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज **छतरपुर।**

हम फाउंडेशन, छतरपुर के तत्वावधान में 18 मई 2025, रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक केयर इंग्लिश स्कूल, बस स्टैंड के पास, छतरपुर में विशेष कैंसर रोग परामर्श ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। इस ओपीडी में शैल्बी हॉस्पिटल्स, इंदौर के सुप्रसिद्ध और विश्वसनीय कैंसर रोग विशेषज्ञ मेडिकल-हिमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रामजस प्रजापति परामर्श देंगे।

कार्यक्रम में ऐसे लोग जिनको लंबे समय से मुँह में छाले, स्तन में गांठ या सूजन, निगलने-बोलने या सांस लेने में कठिनाई, आवाज में बदलाव, पेट में सूजन या पानी भरना, मल या मूत्र में खून आना, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, वजन घटना, शरीर में सूजन या ट्यूमर, लंबे समय से बुखार आना जैसे लक्षण हैं, उन्हें अवश्य परामर्श लेने की अपील की गई है। हम फाउंडेशन के संरक्षक मनीष दोसाज, जिला अध्यक्ष प्रवीण गुप्त, जिला महिला सहभागिता प्रमुख अर्चना कठल नगर अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र पटैरिया, महिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि तिवारी, जिला सचिव एड. संतोष गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राजकुमार अनुरागी, देवकीनंदन साहू, अरविन्द विश्वकर्मा ने नागरिकों से इस विशेष अवसर का लाभ उठाने और अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लाने का आग्रह किया है।

## सिविल लाइन और नौगांव पुलिस ने पकड़े 3 सट्टेबाज



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने जुआ-सट्टा के खिलाफ अभियान के तहत सिविल लाइन और नौगांव थाना पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी ईदगाह स्टेडियम के पास ऑनलाइन सट्टा खेल रहे मोहम्मद मेहताब मंसूरी और अब्दुल वहीद मंसूरी को पकड़ा, दोनों के पास से मोबाइल फोन बरामद किए गए। वहीं, नौगांव पुलिस ने आर्मी कैंट रोड बजरिया के पास धर्मेंद्र सेन को ऑनलाइन सट्टा खेलते गिरफ्तार किया, उसके पास से मोबाइल और नगद राशि बरामद हुई। आरोपियों पर पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण जिले में अब तक 58 से अधिक सट्टेबाजों पर कार्रवाई हो चुकी है।


## ई-रिक्शा में चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज छतरपुर

थाना सिविल लाइन पुलिस ने चक्षु अभियान के तहत सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर ई-रिक्शा में चोरी करने वाली महिला पूजा कुशवाहा को रेलवे स्टेशन छतरपुर से गिरफ्तार किया। चार दिन पहले पन्ना नाका से आजाद चौक कमला कॉलोनी जाते समय एक फरियादिया की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्ता पूजा पत्नी रोहन कुशवाहा निवासी फहमदाबाद, फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश) ने चोरी की घटना कबूल की। उसके पास से 70,000 रुपये नगद बरामद किए गए। उसे न्यायालय में पेश किया गया, और विवेचना जारी है।

**खबर संक्षेप**

### शादी की तैयारियों में व्यस्त था परिवार, चोरों ने लाखों की संपत्ति पर किया हाथ साफ



**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अगडाल में उस वक्त मातम का माहौल पसर गया, जब शादी की तैयारियों में डूबे दो परिवारों के घरों में चोरों ने एक ही रात में धावा बोलते हुए करीब 40 लाख रुपये से अधिक की चोरी कर डाली। इन वारदातों ने जहां परिवारों की खुशियों को गहरा आघात पहुंचाया, वहीं क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं,जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात अगडाल गांव में अज्ञात चोरों ने सुनियोजित ढंग से दो घरों को निशाना बनाया। पहले मामले में श्याम शरण तिवारी के घर के पीछे से सेंध लगाकर चोर घर में दाखिल हुए। परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त था और रात करीब 12.30 बजे सभी लोग सो चुके थे। सुबह जब घर के सदस्य उठे तो देखा कि पूरा घर अस्त-व्यस्त पड़ा था, पेटियां और अलमारियां टूटी हुई थीं और उसमें रखा लगभग 7 लाख रुपये नकद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। बताया गया कि ये आभूषण उनकी बेटी की शादी के लिए बनवाए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही गढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घटनास्थलों की गहन जांच की। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।बॉक्स दूसरे घर में भी हुई सेंधमारी, लाखों के गहने चोरीइसी गांव के लक्ष्मण तिवारी के घर को भी चोरों ने उसी रात निशाना बनाया। पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे चोरों ने अलमारियों को तोड़ डाला और लगभग 25 लाख रुपये से अधिक कीमत के आभूषण चुरा लिए। लक्ष्मण तिवारी के पुत्र रोहित तिवारी ने बताया कि उनकी बहन की शादी निकट थी, जिसके लिए 12 से 15 लाख रुपये के नए गहने तैयार करवाए गए थे। इसके अलावा बहन के पुराने आभूषण भी घर में रखे थे, जिन्हें चोर उठा ले गए।बॉक्स चोरी के बाद छोड़ी गंदगीपीड़ित परिवारों ने बताया कि चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद घर के अंदर और बाहर शौच क्रिया कर जानबूझकर गंदगी फैलाई, जिससे परिवार को मानसिक पीड़ा और अपमान का सामना करना पड़ा। बॉक्स पहले भी हो चुकी हैं चोरी की घटनाएं, नहीं हुआ खुलासागौरतलब है कि इस क्षेत्र में पूर्व में भी चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं, लेकिन आज तक किसी भी मामले का ठोस खुलासा नहीं हो सका है।

### मुख्यमंत्री ने रीवा सिटीजन ऐप का किया शुभारंभ, नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का घर बैठे मिलेगा लाभ

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नगर पालिक निगम रीवा द्वारा निर्मित माय रीवा सिटीजन ऐप का रिमोट की बटन दबाकर शुभारंभ किया। यह ऐप नागरिकों की सेवा में एक स्मार्ट पहल है। जिसके माध्यम से रीवा के नागरिक नगर निगम की सेवाओं से जुड़कर घर बैठे आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा माय रीवा सिटीजन ऐप से संबंधित निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। माय रीवा सिटीजन ऐप में शिकायत पंजीकरण, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क, सीवरेज, पेयजल सहित सेवा ट्रैकिंग और समाधान स्थिति को देखा जा सकेगा। इसके माध्यम से आमजन सुझाव, फीडबैक प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, सम्पत्तिकर, जलकर भुगतान, अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र व ई चालान सहित अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। ऐप में शिकायत के साथ फोटो अपलोड करने, गूगल मैप आधारित स्थान चिन्हांकन, वन स्टाप प्लेट फार्म में शिकायतों, सेवाएँ, सरल व पारदर्शी इंटरफेस, डैशबोर्ड तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण आदि की सुविधा भी रहेगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नये कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र समृद्ध हुआ

## मुख्यमंत्री ने किया भव्य जिला न्यायालय भवन का लोकार्पण

**रीवा**





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा में भव्य जिला न्यायालय भवन का लोकार्पण किया। इस पाँच मंजिला भवन के तीन खण्डों में 40 कोर्ट रूम तथा 750 वकीलों के बैठने की व्यवस्था है। इसकी कुल लागत 96 करोड़ रुपए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नवीन भवन से रीवा ही नहीं पूरा मध्यप्रदेश गौरवान्वित हुआ है। यह प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला न्यायालय भवन है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीश गणों की गौरवमयी उपस्थिति ने इसके लोकार्पण की गरिमा को दुगना कर दिया है। रीवा में 1834 में तब के महाराजा ने दरबार से बाहर दो तरह के न्यायालयों की व्यवस्था की थी। उस समय आमजनता को न्याय सुलभ कराने का जो संकल्प लिया गया था उसे हम पूरा कर रहे हैं। हमारे देश में राजा हरिश्चन्द्र और महाराजा विक्रमादित्य जैसे प्रतापी और न्यायप्रिय राजाओं की परंपरा रही है। जिन्होंने सदैव जनहित और देशहित में निष्पक्ष होकर न्याय किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नये कानून बनाए। नये कानूनों से न्यायिक प्रणाली और लोकतंत्र दोनों समृद्ध हुए हैं। प्रधानमंत्री जी की पहल पर तीन तलाक के कानून को समाप्त किया गया। इससे महिलाओं की बेहतरी हुई। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में राम मंदिर के संबंध में सराहनीय निर्णय देकर 500 साल के विवाद का अंत किया। इसके लिए न्यायालय का अभिनंदन है। रीवा में न्याय की गौरवशाली परंपरा रही है। भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष रीवा राज्य के ही चित्रकूट में बिताकर इस धरती को धन्य किया है। उनकी प्रेरणा से ही राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने का बल मिला है। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। रीवा का नवीन न्यायालय भवन में न्यायालयीन प्रणाली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। नवीन भवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो और कारगर न्यायप्रणाली से निष्पक्ष न्याय मिले। देश की प्रगति के लिए मजबूत न्याय प्रणाली का होना आवश्यक है। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे.के. माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। नवीन न्यायालय भवन बघेली स्थापत्य और आधुनिकता का अनूठा संगम है। इस भवन में जब करूणा, विवेक और न्याय होगा तभी इसकी आत्मा जागृत होगी। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर जीपी सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जेएस वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। यहाँ के कई जज और अधिवक्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं। समारोह में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से प्रदेश को 30 नये भवन मिले हैं। रीवा के भव्य न्यायालय भवन में 40 कोर्ट और 750 वकीलों के बैठने की व्यवस्था है। अन्य प्रदेशों की तुलना में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रकरण अधिक हैं लेकिन जजों की संख्या कम है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चार लाख 78 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए हाईकोर्ट में 32 नये जजों की नियुक्ति किया जाना आवश्यक है।

समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई है। रीवा ही नहीं पूरा विन्ध्य तेजी से विकास कर रहा है। यहाँ 40 मिलियन टन सीमेंट और 15 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन सहित अत्यधिक मात्रा में कोयले का भी उत्पादन होता है। विन्ध्य में रेलवे लाइन, फोरलेन सड़कों और एयरपोर्ट निर्माण के साथ हर क्षेत्र में विकास में तेजी आई है। नवीन भवन के लोकार्पण में मुख्यमंत्री जी और न्यायाधीशगणों ने शामिल होकर हमारा गौरव बढ़ा दिया है। हमारी न्याय प्रणाली सुदृढ़ होगी तो हमारा लोकतंत्र भी मजबूत बनेगा। समारोह में हाईकोर्ट के पोर्टफोलियो जज संजीव सचदेवा ने कहा कि रीवा की न्यायिक प्रणाली देश के संविधान से भी पुरानी है। यहाँ राजशाही विन्ध्य प्रदेश के समय भी मजबूत न्याय व्यवस्था थी। रीवा हाईकोर्ट से बघेलखण्ड और बुंदेलखण्ड के 21 जिलों के प्रकरणों का निराकरण होता था। नवीन न्यायालय भवन से रीवा की न्यायालयीन परंपरा को नया आयाम मिलेगा। समारोह में स्वागत उद्बोधन हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय द्विवेदी ने दिया। समारोह में हाईकोर्ट के न्यायाधीश विशाल मिश्रा, एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह, प्रमुख सचिव न्याय विभाग एनपी सिंह, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहीं। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह बघेल, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, शिवेन्द्र उपाध्याय, सुशील तिवारी, घनश्याम सिंह तथा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने नवीन विश्राम गृह का किया लोकार्पण, इंडो-यूरोपियन शैली में निर्मित हुआ है अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्राम गृह

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा राजनिवास सर्किट हाउस परिसर में नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया।



इंडो-यूरोपियन शैली में पुर्नघनत्वीकरण योजना से 656.45 लाख रूपये की लागत से नवीन विश्राम गृह सभी आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार निर्मित किया गया है। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित विश्राम गृह को लोकार्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस रीवा के लिए बड़ी सौगात है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विश्राम करने वालों को सुखद अनुभूति देगा। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण की पहल के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के उपरांत सर्किट हाउस का भ्रमण कर अवलोकन किया तथा बेहतर निर्माण की प्रशंसा की। पुर्नघनत्वीकरण योजना से म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा



2200 वर्ग मीटर में नवनिर्मित विश्राम गृह में 6 स्विट रूम के साथ एक वेंटिंग एरिया, 24 सीटर मीटिंग हॉल, ड्राइंग रूम, 14 सीटर डायनिंग एरिया आदि का निर्माण कराया गया है। भवन में लिफ्ट एवं अग्निशमक यंत्र का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## तीन साल से फरार चल रहे दुष्कर्म का आरोपी यूपी के उन्नाव से गिरफ्तार, बिछिया पुलिस की कार्रवाई

**रीवा।** नाबालिग से दुष्कर्म के एक बहुचर्चित मामले में बिछिया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। बता दे 29 अप्रैल को एक नाबालिग बालिका बिछिया थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात सुहैल खान नामक युवक से हुई थी, जिसने पहले दोस्ती का नाटक किया और फिर धीरे-धीरे उसे अपने चंगुल में फंसा लिया। आरोपी उसे अक्सर घुमाने फिराने के बहाने बाहर ले जाया करता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 4 जनवरी 2022 को सुहैल उसे अपने घर ले गया, जहां उसने पहले माता-पिता से मिलवाया और फिर उसी दिन जबरन शारीरिक संबंध बनाए। यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। आरोपी कई बार नाबालिग को अपने घर बुलाता रहा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता के अनुसार, आरोपी के पिता और मां भी इस घिनौने अपराध में शामिल थे। आरोपी का पिता बहाने से उसे बुलाता और अश्लील हरकतें करता, वहीं मां इस पूरे कृत्य में मूकदर्शक बनकर शामिल रही। एक अवसर पर आरोपी के परिवार वाले उसे लखनऊ, इलाहाबाद और कर्छना तक भी ले गए, जहां उन्होंने रिश्तेदारों के घर रुक कर उसके साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की। शिकायत मिलने के बाद बिछिया पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज किया और आरोपी के पिता रियाज उर्फ हासिम खान और मां अनीशा बेगम को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं, मुख्य आरोपी सुहैल खान गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार जगह बदलता रहा और पुलिस को चकमा देता रहा। हाल ही में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी उन्नाव के बागरमऊ क्षेत्र के नसीमगंज मोहल्ले में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही बिछिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने मौके पर दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रीवा लाया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## रीवा से सीधी बीच पहली बार दौड़ी मालगाड़ी, सीमेंट प्लांट से क्लिंकर लेकर यूसीपीडी के लिए की रवाना



**रीवा।** लंबे समय से प्रतीक्षित रीवा-गोविंदगढ़-बघवार रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को इतिहास रच दिया गया। पहली बार इस मार्ग पर मालगाड़ी का परिचालन कर इसे औद्योगिक परिवहन के लिए खोल दिया गया। शाम चार बजे रीवा रेलवे स्टेशन से एक खाली मालगाड़ी बघवार स्थित सीमेंट संयंत्र के लिए रवाना की गई, जहां से क्लिंकर लोड कर ट्रेन पुनः रीवा होते हुए यूसीपीडी की ओर रवाना हुई अब इस नए ट्रैक पर नियमित मालगाड़ी संचालन की उम्मीद की जा रही है, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। रीवा से बघवार तक रेलवे ट्रैक की शुरुआत से रीवा, सीधी और आस-पास के औद्योगिक क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषकर सीमेंट, खनिज, कोयला और कच्चे माल के परिवहन में सहूलियत बढ़ेगी। इस रेलमार्ग से न केवल माल परिवहन तेज होगा, बल्कि सड़कों पर ट्रकों की संख्या कम होने से यातायात दबाव में भी कमी आएगी। यह रेल परियोजना कोई आज की नहीं है। इसकी नींव करीब चार दशक पहले ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन परियोजना के तहत रखी गई थी। शुरुआत में सतना से रीवा तक रेलवे लाइन बनाई गई और वर्ष 1993 में जबलपुर-रीवा पैसेंजर ट्रेन पहली बार रीवा पहुंची। इसके बाद से रीवा में रेलवे सुविधाओं का क्रमशः विस्तार हुआ। आज रीवा से चलने वाली और यहां आने वाली ट्रेनों की संख्या 12 से अधिक हो चुकी है।बॉक्स रीवा से चुरहट तक मार्च 2026 तक जुड़ जाएगा ट्रैकरेलवे अधिकारियों के अनुसार, जून 2025 तक बघवार से रामपुर नैकिन तक रेललाइन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अक्टूबर 2025 तक रामपुर नैकिन से चुरहट तक रेल ट्रैक बिछाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। पूरा ट्रैक मार्च 2026 तक सीधी जिले को पूरी तरह रेल मार्ग से जोड़ देगा। इससे आने वाले समय में यात्री ट्रेनों के संचालन का रास्ता भी साफ होगा।बॉक्स रीवा में सिग्नलिंग और ओएचई वायरिंग का कार्य पूर्णरीवा-बघवार रेलखंड पर संरक्षा निरीक्षण (सीआरएस) पहले ही संपन्न हो चुका है। ट्रैक पर सिग्नलिंग प्रणाली, रेलवे क्रॉसिंग और ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायरिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। इन सभी तकनीकी कार्यों के पूरा होने के बाद अब इस ट्रैक पर यात्री गाड़ियों के संचालन की संभावनाएं भी प्रबल हो गई हैं। रेलवे सूत्रों का कहना है कि निकट भविष्य में इस मार्ग पर यात्री ट्रेन चलाने की तैयारियां भी शुरू की जा सकती हैं।बॉक्स स्थानीय लोगों में उत्साह, यात्री ट्रेन का इंतजाररीवा से बघवार तक मालगाड़ी की शुरुआत के बाद सीधी जिले में लोगों में खुशी की लहर है। वर्षों से इस ट्रैक की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों को अब विश्वास होने लगा है कि जल्द ही इस मार्ग पर यात्री गाड़ियों का संचालन भी शुरू हो जाएगा। इससे रीवा, सीधी, रामपुर नैकिन, चुरहट और गोविंदगढ़ जैसे क्षेत्रों को सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

## वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवारी युवक की मौत नाली में पड़ा मिला शव

**रीवा**




शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के नौवस्ता चौकी अंतर्गत भोलगढ़ गांव बीती रात वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहा बाइक सवार युवक सड़क हादसे में मौत हो गई, आशंका है कि तेज रफ्तार के चलते बाइक सवार युवक अपने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बाइक सहित नाले में गिर गया। युवक के सिर में गंभीर चोट पहुंची थी जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को शनिवार की सुबह हुई। जिसके बाद परिजन सहित पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मोनू यादव 23 वर्ष निवासी नौवस्था शुक्रवार को अपने भांजे के तिलक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम भोलगढ़ आया हुआ था जहां से देर रात वह बाइक से अपने गांव वापस जा रहा था। इसी दौरान वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। परिजनों ने बताया कि आज सुबह मोनू का शव और बाइक ग्राम भोलगढ़ स्कूल के समीप नाली में पड़े पाए गए हैं परिजनों ने कहा कि जिस स्थान पर यह सड़क हादसा हुआ है वहां पर ब्रेकर है। ऐसा माना जा रहा है कि युवक अचानक सामने आए ब्रेकर को देख बाइक से नियंत्रण खो बैठा और बाइक सहित नाली में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद युवक के शव का पीएम कराने के बाद उसे परिजनों को सौप दिया गया है, वहीं पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की विवेचना में लगी हुई है।

## तेंदूपत्ता का किया जा रहा अवैध दोहन, वन विभाग मौन, जंगल में बिना रोकटोक के तेंदूपत्ता तोड़ाई जारी

**मऊगंज**



जिले के पूर्वी और दक्षिणी सीमा से जुड़े जंगली क्षेत्रो में इन दिनों में तेंदू पत्ता का अवैध दोहन खुलेआम जारी है हनुमना एवं जड़कुड़ से पिपराही हर्रहा सीतापुर तक बीड़ी बनाने वाले व्यापारियों के इशारे पर प्रतिदिन भोर होते ही हजारों की संख्या में अंचल के मजदूर तपके के लोग प्रतिबंधित जंगल में बिना रोक टोक के प्रवेश कर वेशकीमती तेंदूपत्ता तोड़कर स्वयं अपने घर में पत्ते की गड्डियां तैयार करते हैं। वहीं देर रात तक व्यापरियों की गाड़ियां आती हैं और वाहनों में लाद कर दलालों के माध्यम से निर्धारित स्थानों को तेंदूपत्ता पहुंचाया जा रहा है। आम लोगों सहित निवास करने वाले लोगों की मानें तो वन विभाग व वन निगम सहित क्षेत्रीय वन समिति के लोगों की मिलीभगत से इस तरह से वन संपदा का दोहन हो रहा है। इन शासकीय अमलों के विधिवत दलाल लगे होते हैं और इन्हीं दलालों के माध्यम से जंगल का अवैध दोहन करने वाले वन माफिया सहित उनके आदमियों से विधिवत वसूली की जाती है। इसमें छोटे कर्मचारी वन समिति के अध्यक्ष सहित स्थानीय अधिकारियों का हफ्ता वसूली में शेयर होता है।

### इन स्थानों पर हो रहा अवैध दोहन

जंगली क्षेत्र के सोहागी घूमा मुडुली चफिला वरूआरी रायपुर घाट खूटाघाट शंकरपुर कूडी बेलघाट बसदेईन शिवराजपुर डाभी चौराघाट बसिंगडा सहित हनुमना के आसपास के जंगलों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में मजदूर बेस कीमती तेंदूपत्ता तोड़कर अवैध बीड़ी व्यापारियों के हाथ बिक्री कर रहे है। जिससे तेंदूपत्ता के एक सीजन में वन विभाग सहित मप्र शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### इन कारणों से हो रहा अवैध तेंदू पत्ता का कारोबार

लम्बे समय से मऊगंज एवं रीवा जिले सहित पूरे प्रदेश में वन विभाग द्वारा जगह-जगह स्टाल लगाकर सीजन मे तेंदू पत्ता की खरीदी की जाती थी लेकिन मजदूरों को समय पर भुगतान न मिलना बोनस राशि गायब हो जाने आदि के कारण से इन मजदूरों का शासन स्तर पर की जा रही तेंदूपत्ता तोड़ाई से मोहभंग हो गया है। जिसका नतीजा रहा है कि अवैध रूप से तेंदूपत्ता का दोहन व व्यापार जारी है और विभाग मौन साधे बैठा है।

**भ्रष्टाचार का गढ़ बनी ग्राम पंचायत बिलौही कला**

## पेवर ब्लॉक के नाम पर जमकर किया गया भ्रष्टाचार सरपंच सचिव और उपयंत्री के

### पुलिया निर्माण सहित मोटर खरीदी में जमकर किया गया वित्तीय अनियमिता कमीशन का भेट चढ़ी




**मऊगंज।** एक और मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत हनुमना की बिलौही कला का मामला सामने आया है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को चुनौती देते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।अगर धरातल में देखा जाए तो सब सामने आ जाएगा। ग्राम पंचायत के सचिव ज्यादातर पंचायत से नदारत रहते हैं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया जिससे शासन की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं उपयंत्री की मिली भगत से भ्रष्टाचार को गढ़ बना दिया है पंचायत में जहां पेवर ब्लॉक के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।जो घटिया किस्म की ईट लगाई गई है धरातल में देखा जाए तो सामने आ जाएगा मिली जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में 67 हजार रुपए की राशि निकाली गई है आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में 72000 हजार रुपए से पेवर ब्लॉक लगाया गया है जो जमकर वित्तीय अनियमिता की गई है एवं कमीशन का भेंट चढ़ा है। पंचायत भवन परिसर में पेवर ब्लॉक के नाम पर 131600 हजार रुपए की राशि निकाली गई है इसी तरह महावीरन मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक के नाम पर राशि निकाल ली गई है भ्रष्टाचारियों ने भगवान के मंदिर को भी नहीं छोड़ा मिली जानकारी के अनुसार बिलौही कला शासकीय प्राथमिक पाठशाला एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में पेपर ब्लॉक लगाया गया जो घटिया किस्म का जिम्मेदारों की मिली भगत से जमकर भ्रष्टाचार किया गया मिली जानकारी के अनुसार लगभग 9लाख20हजार 325 करीब रुपए निकल गई है। इसी तरह पुलिया निर्माण कार्य में भी वित्तीय अनियमिता की गई है साकेत बस्ती क्रमांक में 100000 सहित 55000 पुलिया निर्माण की राशि का बंदरवाट किया गया। रोड मरम्मत के नाम पर पानी के नाम पर कई मोटर के नाम पर राशि निकाली गई है एक मोटर की कीमत 36200 की राशि निकाली गई है जिसमें चार से पांच मोटर की राशि निकल गई है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मोटर की राशि निकाली गई वहीं निजी घरों में मोटर का उपयोग किया जा रहा है। वही मनरेगा में फर्जी मास्टर रोल भरकर राशि निकली जा रही है। जो गांव के लोग बाहर रहते हैं उन्ही के खाते मे राशि डालकर उनको कमीशन देकर उनसे ले ली जाती है ग्रामीणो ने सरपंच एवं सचिव के द्वारा जमकर किये जा रहै भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने की मांग की है ग्रामिणो के द्वारा बताया गया की पंचायत के भवन का ताला कभी खुलता ही नहीं है सचिव हमेशा नदारत रहते हैं अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन के द्वारा क्या धरातल में जाकर निरीक्षण किया जाएगा और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी या ऐसे ही जमकर भ्रष्टाचार होता रहेगा।